प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर दिया जवाब : कहा– आतंक को मिट्‌टी में मिलाने का विजयोत्सव है सेना की सफलता।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वाराणसी में दो अगस्त को प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे के जनसभा स्थल का किया निरीक्षण : अधिकारियों को व्यवस्थाएं समय से प्‌र्ण करने के दिये निर्देश।
3. प्रदेशभर में आज आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है नागपंचमी का पर्व : वाराणसी में श्रद्धालुओं ने नागकूप का दर्शन पूजन कर नागेश्वर महादेव का किया जलाभिषेक। और
4. प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी : बदायूं और बलिया में गंगा नदी और लखीमपुर खीरी में शारदा नदी का बढ़ा जलस्तर।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर जवाब देते हुए कहा कि संसद का यह सत्र विजयोत्सव का सत्र है। उन्होंने कहा कि यह विजयोत्सव सिंदूर की सौंगध को पूरा करने का है। यह विजयोत्सव सेना के शौर्य और सामर्थ्य का विजयोत्सव है। बाइट.....

*सत्र भारत के विजयोत्सव का सत्र है। जब मैं विजयोत्सव की बात कर रहा तब मैं कहना चाहूंगा कि यह विजयोत्सव आतंकी हेडक्वाटर्स को मिट्टी में मिलाने का है। जब मैं विजयोत्सव कहता हूं तो यह विजयोत्सव सिंदूर सौंगध पूरा करने का है। मैं जब यह विजयोत्सव कहता हूं तो यह भारत की सेना के शौर्य और सामर्थ्य का विजयगाथा कह रहा है।*

**प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना को कार्रवाई की खुली छूट दी गई। हमने स्पष्ट निर्देश दिये कि आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। बाइट.....**

*बैंठक में हमने साफ–साफ निर्देश दिये थे आतंकवाद को करारा जवाब देना होगा और यह हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। सेना को कार्यवाही की खुली छूट दे दी गई और यह भी कहा गया कि सेना तय करे कि कब कहां कैसे किस प्रकार से यह सारी बातें उस मीटिंग में साफ–साफ कह दी गई।*

**प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने सिद्ध कर दिया है कि न्यूक्लियर ब्लैंकमेलिंग अब नहीं चलेगी और न ही भारत इसके आगे झूकेगा।**

————————

**इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में विशेष चर्चा में भाग लेते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कल ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सेना, सीआरपीएफ आर जम्मू–कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया। बाइट....**

*ऑपरेशन महादेव कल एक हुआ है, इसकी जानकारी देना चाहता हूं। माननीय अध्यक्ष जी कल ऑपरेशनमहादेव में सुलेमान उर्फ फैजल, अफगान और जिब्रान तीन आतंकवादी सेना सीआरपीएफ और जम्मू–कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में ऑपरेशन महादेव में मारे गए। माननीय अध्यक्ष जी ये जो*

*सुलेमान है ये ए श्रेणी का लश्कर–ए–तैयबा का कमांडर था पहलगाम हमले में और गगनगीर आतंकी हमले में वो लिप्त था।*

**पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या द्विवेदी ने कहा है कि उन्हें ये सुनकर बहुत खुशी हो रही है कि जो आतंकी पहलगाम हमले में शामिल थे, वे मारे गए हैं। उन्होंने इसे गर्व का क्षण बताया है। बाइट.....**

*आज मैं बहुत खुश फील कर रही हूँ इस चीज़ को सुन के की ये लोग जो हाथ एक्चुअली पहलगाम अटैक में थे वो मारे गए है वो खत्म हो गए है और ये एक तरीके से एक बहुत प्राउड मूवमेंट है क्योंकि तोड़े आई एएम काइंड ओएफ इन आ रिलीफ की जहाँ पे भी शुभम है आज वो कहीं पीस पे होगा की मेरे को जिन लोगों ने मेरे साथ गलत किया जिन लोगों ने उन छब्बीस लोगों के साथ गलत किया आज वो नहीं है।*

**ऑपरेशन महादेव में पहलगाम हमले में शामिल सभी 3 आतंकवादियों के मारे जाने की खबर पर शुभम के पिता संजय द्विवेदी ने इसके लिए सेना का आभार जताया है। बाइट......**

*जिस तरह हमारी सेना ने साहस और शौर्य का पराक्रम का परिचय दिया है उन आतंकवादियों को मार कर के निश्चित तौर पे हम उनको बधाई देते हैं। हम उनका आभार व्यक्त करते हैं।*

————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दौरे के दूसरे दिन आज वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी के 2 अगस्त को विकासखंड सेवापुरी के ग्राम सभा बनौली में प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री**

ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल, शौचालय, यातायात के साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। पेश है एक रिपोर्ट....

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कहा कि कार्यक्रम स्थल पर आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी कतई नहीं होनी चाहिए। श्री योगी ने कार्यक्रम स्थल एवं आसपास सुरक्षा के मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के साथ ही यातायात व्यवस्था सुगम बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आने वाले वाहनों के लिए उचित स्थान पर समुचित पार्किंग व्यवस्था बनाए जाने के लिए भी पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र के इक्यावनवें दौरे पर वाराणसी को 2248 करोड़ की लागत वाली 54 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। मनीष कुमार, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज प्रयागराज म विंध्याचल और प्रयागराज मंडल की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से उनके निर्वाचन क्षेत्रों की परिस्थितियों, जन अपेक्षाओं और विकासात्मक प्राथमिकताओं के विषय में व्यक्तिगत रूप से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज और विन्ध्यांचल क्षेत्र के विकास को सरकार प्राथमिकता दे रही है। यह दोनों ही मण्डल उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान के केन्द्र हैं। विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बताया कि प्रयागराज जिले के लिये एक हजार 700 प्रस्ताव लिए गए हैं। बाइट.....

*इसके अंदर विशेष पीडब्लूडी की बैठक की जिसके अंदर पीडब्ल्यूडी की कार्य योजना जो बनी है जो 1 किलोमीटर के ऊपर की रोड है, उसके प्रस्ताव लिए गए थे और उसके साथ कितने जो एमडीआरओ डीआर के हैं। लिंक रोड हैं। जो धर्म मार्ग है। कुछ स्टेट मार्ग जाए। इन सब के बारे में विशेष रूप से पूरा चर्चा हुई और प्रयागराज के अंदर 1700 प्रपोजल्स लिया गया है।*

————————

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–एनईपी 2020, विश्वस्तरीय शिक्षा को सार्वभौमिक रूप से बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई एक दार्शनिक रूपरेखा के रूप में कार्य करती है। यह विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण

माध्यम बन गई है। आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के 5 वर्ष पूरे होने पर आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2025 को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक परिवर्तनकारी पुनर्जागरण का प्रतिनिधित्व करती है। बाइट....

*आज हमारे सामने लक्ष्य है 2047 विकसित भारत की ओर जाते हुए नेशनल मिशन के नाते NEP 2020 हमारी प्राथमिकता बनी हुई है। हमने आज NEP 2020 को क्लासरूम, कैम्पस और कम्युनिटीज तक पहुंचाने में सफल हुए हैं। यह केवल सुधार नहीं है परन्तु ये वैचारिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक पुनर्जागृति का एक नया दार्शनिक दस्तावेज है।*

————————

प्रदेश भर में आज श्रावण माह का पवित्र नागपंचमी पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाग पंचमी के अवसर पर गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित परंपरागत कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए और विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिये प्रतिबद्ध है। उधर, प्रयागराज के प्रसिद्ध नागवासुकी मंदिर सहित सभी शिव मंदिरों में नागपंचमी के अवसर पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ ने दर्शन पूजन किया। वाराणसी में नागपंचमी पर्व पर जैतपुरा नवापुरा स्थित नागकूप पर दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने नागकूप का दर्शन पूजन कर नागेश्वर महादेव

का जलाभिषेक और पूजन किया। अयोध्या में छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक कर नशा मुक्ति रैली निकाली।

————————

प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित कई जनपदों में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बदायूं के कचलाब्रिज और बलिया में गंगा, लखीमपुर खीरी में शारदा नदी और कुशीनगर में गंडक खतरे के निशान से करीब आधा मीटर नीचे बह रही हैं। औरैया में यमुना औऱ इटावा में चंबल नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कुछ जगहों पर भारी वर्षा और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है।

(समाप्त)